शनिवार

29 अक्टूबर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज





डाला छठ : नहाय-खाय के साथ सूर्योपासिना का व्रत आरंभ.. 4



प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## छोटी खबरें

### मुस्लिम पक्ष को आपत्ति दाखिल करने के लिए 24 घंटे का समय

**वाराणसी।** वाराणसी में ज्ञानवापी के अविमुक्तेश्वर भगवान की ओर से पूजा पाठ, भजन कीर्तन की अनुमति के लिए दाखिल अर्जी पर मुस्लिम पक्ष को आपत्ति दाखिल करने के लिए 24 घंटे का समय अदालत ने दिया है। शुक्रवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। अविमुक्तेश्वर भगवान की ओर से दाखिल अर्जी पर मुस्लिम पक्ष की ओर से वाद पत्र की प्रतिलिपि उपलब्ध न कराने का मामला रखा गया। इसका हिन्दू पक्ष यानी वादी के अधिवक्ता ने विरोध करते हुए प्रतिलिपि भेजे जाने का साक्ष्य पेश किया है। अदालत ने प्रतिवादियों को वाद पत्र पर आपत्ति दाखिल करने के लिए 24 घंटे का समय देते हुए अगली सुनवाई 29 अक्टूबर नियत की है। गौरतलब है कि हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की तरफ से वाद दाखिल करते हुए आदि विश्वेश्वर भगवान के रूप में मिली शिवलिंग की आकृति की पूजा-पाठ राग-भोग, भजन-कीर्तन व धार्मिक अनुष्ठान की अनुमति मांगी गई है।

### सपा विधायक आजम खान की विधानसभा की सदस्यता रद्द

**लखनऊ।** हेट स्पीच मामले में तीन साल की सजा के बाद रामपुर से सपा विधायक आजम खान को एक और बड़ा झटका लगा है। आजम खान की विधानसभा की सदस्यता को रद्द कर दिया गया है। सजा के ऐलान के बाद आजम के लिए यह सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। शिकायतकर्ता आकाशदास सक्सेना की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने यह कार्रवाई की है। आकाश सक्सेना ने विधानसभा अध्यक्ष के अलावा केन्द्रीय चुनाव आयोग को भी सदस्यता रद्द करने की शिकायत भेजी थी। स्पीकर ने सदस्यता रद्द करने के बाद रामपुर विधानसभा का पद रिक्त होने की सूचना भी चुनाव आयोग को भेज दी है। बतादें कि सपा विधायक और पूर्व मंत्री आजम खान को गुरुवार एमपी-एमएलए कोर्ट ने हेट स्पीच (भड़काऊ भाषण) के मामले में तीन साल की सजा सुनाई थी।

### भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगेंगे चिराग

**पटना।** विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा से दूरी बनानेवाले जमुई से सांसद और लोजपा रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान एक बार फिर पार्टी से अपनी नजदीकियां बढ़ाने लगे हैं। जल्द ही चिराग पासवान गोपालगंज और मोकामा में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगते नजर आएंगे। बिहार भाजपा अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की।

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ सूर्योपासना का महापर्व छठ, खरना आज







सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। संतान की सुख-समृद्धि व दीघार्यु की कामना के लिए व्रतियों ने शुद्धिकरण करते हुए व्रत का संकल्प लिया। व्रतियों ने कद्दू की सब्जी,अरवा चावल का भात, चने की दाल सहित अन्य व्यंजन बनाकर सूर्य देव को भोग लगाया। इसके बाद सपरिवार बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को खरना है। इस दिन महिलाएं सूर्य देव को भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण करेंगी। इसके साथ ही महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा, जो उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही टूटेगा। रविवार को भगवान सूर्य को शाम 5:29 बजे से लेकर 5.39 बजे तक पर अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद सोमवार को उगते सूर्य को प्रातः 6.27 बजे से 6.34 बजे तक अर्घ्य दिया जाएगा। महापर्व छठ को लेकर बाजारों में प्रसाद की खरीदारी को लेकर चहल-पहल बढ़ गई है। इसके साथ ही चहुंओर फिजां में छठ गीत गूंज रहे हैं।

# सभी राज्यों की पुलिस की वर्दी एक जैसी हो: पीएम मोदी

- चिंतन शिविर: फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित शिविर को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित, सभी राज्यों के गृह मंत्री हुए शामिल
- मोदी ने एक राष्ट्र, एक वर्दी का दिया सुझाव, बोले- सभी राज्य इस पर विचार करें

**एजेंसी/नई दिल्ली**



पीएम नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के फरीदाबाद जिले के सूरजकुंड में आयोजित सभी राज्यों के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर में राज्यों की पुलिस के लिए एक देश, एक वर्दी की योजना लागू करने पर विचार करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में समय लग सकता है, हो सकता है कि इसमें 5, 50 या 100 साल लगे लेकिन हमें इसपर विचार करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे थोपना नहीं चाहिए बल्कि इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस के बारे में अच्छी धारणा बनाए रखना महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी ने राज्यों से आजादी से पहले बनाए कानूनों की समीक्षा करने तथा मौजूदा संदर्भ में उनमें संशोधन करने की भी बात कही। प्रधानमंत्री ने दो दिवसीय चिंतन शिविर के अंतिम दिन शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अपने विचार साझा किया।

मोदी ने कहा कि हर राज्य को एक दूसरे से सीखना चाहिए। बेहतर तालमेल के लिए यह बहुत जरूरी है। संविधान की मूल भावना भी यही है। कहा कि जब देश का सामर्थ्य बढ़ेगा तो देश के हर नागरिक का भी सामर्थ्य बढ़ेगा। यही सुशासन है। इसमें राज्यों की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा, संविधान में भले कानून और व्यवस्था राज्यों का दायित्व है, लेकिन ये देश की एकता-अखंडता के साथ भी उतने ही जुड़े हुए हैं। हर एक राज्य एक दूसरे से सीखें, एक दूसरे से प्रेरणा लें।

**अमृत पीढ़ी निर्माण के लिए पांच प्रण जरूरी :** पीएम मोदी ने कहा, आजादी का अमृतकाल हमारे सामने हैं। आने वाले 25 वर्ष देश में एक अमृत पीढ़ी के निर्माण के हैं। ये अमृत पीढ़ी पंच प्रणों के संकल्पों को धारण करके निर्मित होगी। ये पांच प्रण हैं विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्य। इन पंच प्रणों का महत्व आप सभी भली भांति जानते हैं, समझते हैं। ये एक विराट संकल्प है, जिसको सिर्फ और सिर्फ सबके प्रयास से ही सिद्ध किया जा सकता है।

**देश की बेहतरी के लिए सभी मिलकर करें काम:** शिविर में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कई बार केंद्रीय एजेंसियों को कई राज्यों में एक साथ जांच करनी पड़ती है, दूसरे देशों में भी जाना पड़ता है इसलिए हर राज्य का दायित्व है कि चाहे राज्य की एजेंसी हो, चाहे केंद्र की एजेंसी हो, सभी एजेंसियों को एक-दूसरे को पूरा सहयोग देना चाहिए।ह्व उन्होंने कहा कि सभी देश की बेहतरी के लिए काम करें, ये संविधान की भी भावना है और देशवासियों के प्रति हमारा दायित्व है। इस दौरान पीएम मोदी बोले कि देश के विरोध में जो ताकते खड़ी हो रही हैं जिस प्रकार हर चीज का उपयोग किया जा रहा है, सामान्य नागरिक की सुरक्षा के लिए, ऐसी किसी भी नाकारात्मक शक्तियों के खिलाफ कठोर से कठोर बर्ताव ही हमारी जिम्मेदारी है।

### प्रधानमंत्री के भाषण की पांच बड़ी बातें

1. कानून एवं व्यवस्था का सीधा संबंध विकास से है, इसलिए शांति बनाए रखना हर किसी की जिम्मेदारी है।
2. आंतरिक सुरक्षा के लिए राज्यों का एक साथ मिलकर काम करना संवैधानिक आदेश के साथ ही देश के प्रति जिम्मेदारी भी है।
3. सभी एजेंसियों को कार्य क्षमता, बेहतर परिणाम और आम आदमी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग करना चाहिए।
4. कानून एवं व्यवस्था की स्थिति संविधान के अनुसार राज्य का विषय है, हालांकि वह देश की एकता एवं अखंडता से समान रूप से संबद्ध है।
5. हमें प्रौद्योगिकी के लिए साझा मंच के बारे में सोचने की आवश्यकता है जिसका सभी इस्तेमाल कर सकें।

## पहले बात-बात पर महंगाई को लेकर हल्ला करनेवाले भाजपाई आज कहां हैं: तेजस्वी

- उपमुख्यमंत्री ने गोपालगंज में चुनावी सभा को किया संबोधित, भाजपा पर बोला हमला

**केटी न्यूज/गोपालगंज**



गोपालगंज में होनेवाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर महागठबंधन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। महागठबंधन की ओर से इस सीट पर राजद ने मोहन प्रसाद गुप्ता के रूप में अपना प्रत्याशी दिया है। उनके पक्ष में वोट मांगने और विधानसभा में अपनी पार्टी के सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने शुक्रवार को चुनावी सभा को संबोधित किया। जादोपुर स्थित राज रतन शाही उच्च विद्यालय में आयोजित चुनावी सभा में उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले जब गैस सिलेंडर 500 रुपये में मिलता था, तब महंगाई डायन लगती थी। अब 1200 रुपये में मिल रहा है तो भाजपाइयों को महंगाई भौजाई लग रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में जब महागठबंधन की सरकार बनी तो हमने दस लाख युवाओं को नौकरी देने के बात कही। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान से ऐलान कर दिया कि बिहार के 20 लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। इसके साथ ही बिहार में युवाओं को नौकरी देने की प्रकिया भी शुरू कर दी गई है। दो माह के अंदर हजारों युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा रहा है। बिहार में सरकार से अलग हुई भाजपा परेशान हो रही है। छोटी-छोटी बात को लेकर बीजेपी हंगामा कर रही है। बिहार की जनता इनकी सभी बातों को समझ रही है। सभा के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि उनके पिता और राजद सुप्रीमो लालू यादव गोपालगंज की जनता को धन्यवाद दिया है।

**ललन सिंह ने भी सभा को किया संबोधित:** इस मौके पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद दिल्ली में बवाल हो गया। दिल्ली में बैठे नेताओं को लगा कि बिहार में यह क्या हो रहा है। बिहार के विकास के हित में हमेशा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फैसला लेने का कार्य किया है। बिहार के नीतीश हमेशा युवा, महिला, गरीब व पिछड़े समाज के लोगों की चिंता करने का कार्य करते हैं। चुनावी सभा को राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, मंत्री जितेंद्र कुमार राय, मंत्री आलोक मेहता, मंत्री सुनील कुमार, सांसद डा. आलोक कुमार सुमन, विधायक प्रेम शंकर यादव, विधायक राजेश सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक रेयाजुल हक राजू आदि ने संबोधित किया।

## दर्दनाक: छठ पूजा के लिए घाट बनाते समय युवक को मगरमच्छ ने निगला

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां बागमती नदी के किनारे बसे बररी पंचायत के भवानीपुर गांव में छठ पूजा के लिए घाट बनाते समय एक युवक को मगरमच्छ ने निगल लिया। घाट की साफ सफाई के बाद स्नान के लिए नदी में उतरे युवक का मगरमच्छ ने पैर खींचा जिसके बाद डरकर मौके पर मौजूद 25 लोग भाग गए। चश्मदीदों ने बताया कि घाट की सफाई के बाद मृतक नदी में स्नान के लिए उतरा था। इसी बीच मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया। घाट की सफाई कर रहे अन्य लोग डरकर बचाने नहीं आये।

## मोकामा बाजार की दो ज्वेलरी दुकानों में भीषण डकैती

- 80 लाख रुपए से अधिक के जेवरात और नगदी ले उड़े डकैत

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के मोकामा बाजार में गुरुवार की देर रात डकैतों ने दो ज्वेलरी दुकानों में भीषण डकैती कर 80 लाख रुपए से अधिक के जेवरात और नगदी रुपए ले उड़े। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने लूटपाट की घटना को अंजाम देने से पहले वहां के दोनों गार्ड का हाथ पैर बांधकर बंधक बना लिया था। घटना की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार मोकामा बाजार के राजनंदिनी ज्वेलरी दुकान सहित कन्हैया कुमार के दुकान में गुरुवार की देर रात चार की संख्या में अपराधी पहुंचे। बताया जा रहा है कि उस वक्त दुकान का गार्ड दुकान के बाहर बैठा था। चार की संख्या में आए अपराधियों ने हथियार के बल पर दोनों गार्ड को अपने कब्जे में लेकर हाथ पैर बांध दिया। हाथ पैर बांधने के बाद अपराधियों ने दोनों गार्ड को घंटों बंधक बनाए रखा। इसके बाद अपराधियों ने दुकान के शटर को आराम से काटकर दुकान की तिजोरी में रखे गए सोने चांदी के जेवरात और नगद रुपए ले उड़े। राजनंदनी ज्वेलर्स के मालिक मनीष कुमार ने बताया कि उनके दुकान से सोने चांदी के जेवरात सहित नगद मिलाकर लगभग 60 लाख से अधिक के सामान डकैतों ने उड़ा ली है। वहीं दूसरी तरफ दुकानदार कन्हैया ने बताया कि उनके दुकान से भी डकैतों की गिरोह ने 20 लाख से अधिक के जेवरात और नगद रुपए ले उड़े। घटना की जानकारी देते हुए मोकामा थाना अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने बताया कि दो दुकानों में लूट की घटना को अपराधियों ने अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस उउळश कैमरे को तलाशने में जुटी हुई है।

## उप्र निकाय चुनाव: मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भाजपा चलाएगी विशेष अभियान

**एजेंसी/लखनऊ**




निकाय चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी विशेष तैयारी में जुट गई है। इसी कड़ी में भाजपा ने यह तय किया है कि वह मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से छूट गए मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए विशेष अभियान चलाएगी। इसके लिए पार्टी घर-घर संपर्क अभियान चलाएगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को पार्टी के पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक कर निकाय चुनावों को तैयारियों पर चर्चा की। पार्टी 31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर वार्ड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसके पूर्व 30 अक्तूबर को पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने निकाय चुनावों को लेकर पार्टी की योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पूरी ताकत से आगामी नगर निकाय के चुनावों में पार्टी की जीत के संकल्प के साथ चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि हमारा संगठनात्मक ढांचा और पार्टी कार्यकताओं का परिश्रम निकाय चुनाव में भी हमें निश्चित रूप से सफलता दिलाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में राज्य की भाजपा सरकार ने लोक कल्याण के संकल्प के साथ जनहित में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। अब हम सब पार्टी कार्यकताओं का यह दायित्व बनता है कि जनता के बीच जाकर संपर्क व संवाद के जरिए निकाय चुनाव में पार्टी को विजय दिलाने के लिए समर्थन व आशीर्वाद की अपील करें। पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने निकाय चुनावों को लेकर की जा रही तैयारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से छूटे मतदाताओं का नाम जुड़वाने का कार्य अंतिम चरण में है। ऐसे में हम सबका दायित्व है कि जिनके नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो सका है, उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के लिए कार्य करें। प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने निकाय चुनावों में पार्टी के मोर्चा-प्रकोष्ठों के कार्यकताओं को योजनापूर्वक सक्रिय करने पर भी बल दिया।

## छोटी खबरें

### सड़क हादसे में जख्मी दूसरे युवक की 20 दिनों बाद मौत

**तरारी।** नासरीगंज-सकड्डी स्टेट हाईवे पर इमादपुर थाने के बिहटा के समीप बीते आठ अक्टूबर को सड़क हादसे में जख्मी दूसरे युवक की भी मौत हो गयी। 20 दिनों बाद पटना के एक अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को उसने दम तोड़ दिया। मृत युवक बिहटा निवासी अशोक सिंह का 22 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार था। उसका शव आते ही घर और गांव में कोहराम मच गया। बताते चलें कि दो अक्टूबर की शाम बिहटा गांव निवासी सूरज कुमार व प्रकाश कुमार रोहतास के कच्छवां से वापस गांव लौट रहे थे। तभी बिहटा गांव के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक खड़े वाहन से टकरा गयी थी। उसी दिन प्रकाश सिंह की मौत हो गयी थी।

### अज्ञात युवती की हत्या की गुत्थी सुलझी, पकड़ा गया कातिल

**आरा।** भोजपुर के सहार थाने के बरूहीं-बिशुनपुर गांव के समीप की गयी अज्ञात युवती की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस द्वारा कातिल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि स्थानीय पुलिस इस मामले में फिलहाल कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। माना जा रहा है कि एसपी की ओर से शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर पूरी घटना का खुलासा किया जायेगा। बता दें कि दस अक्टूबर की सुबह नासरीगंज-सकड्डी स्टेट हाईवे किनारे बरूही-बिशुनपुर गांव के समीप एक अज्ञात युवती की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। उसके बाद एसपी संजय कुमार सिंह खुद हत्या की जांच करने पहुंचे थे। बाद में पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी।

### लावारिस सेवा केंद्र ने तीन अज्ञात शवों का कराया अंतिम संस्कार

**आरा।** लावारिस सेवा केंद्र द्वारा तीन अज्ञात शवो का अंतिम संस्कार गांगी नदी स्थित मुक्तिधाम पर कराया गया। संस्था के संस्थापक डीएन सिंह ने बताया कि तीनो शव पुरुष के थे। इनमें एक शव आरा रेल थाना पुलिस, दूसरा शव पीरो थाना तथा तीसरा शव बिहिया थाना पुलिस द्वारा प्राप्त हुआ था। तीनो अज्ञात शवो को पोस्टमार्टम के बाद पहचान के लिए 72 घंटे तक रखा गया था। पहचान नहीं होने की स्थिति में गुरुवार को तीनो शवो का अंतिम संस्कार करा दिया गया।

### छठ को लेकर चलाया जा रहा विशेष चेकिंग अभियान

सासाराम। छठ अहापर्व को लेकर सासाराम रेलवे जंक्शन के प्लेटफॉर्म पर जीआरपी पुलिस टीम ने यात्रियों की भयमुक्त यात्रा के लिए स्टेशन के प्लेटफार्म पर रूकनेवाली ट्रेनों में विशेष रूप से चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान ट्रेन के कोचों की सघन तलाशी ली गई। हालांकि इस संबंध मे जानकारी देते हुए सासाराम रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाना के थानाध्यक्ष ने बताया कि गुरूवार को अहले सुबह सासाराम जंक्शन पर रूकनेवाली अप-डाउन लाइन की ट्रेनों के अंदर जीआरपी पुलिस टीम ने विशेष रूप से चेकिंग अभियान चलाया।

# देवढ़िया सूर्य मंदिर पर आस्था के संगम पर लगेगा छठ व्रतियों का मेला, तैयार हुए घाट

- अति प्राचीन है सूर्य मंदिर, जुड़ी है कई मान्यताएं

**शंकर पांडेय/राजपुर**



सूर्य मंदिर व इनसेट में मूर्तियां

जिले के राजपुर प्रखंड के देवढ़िया गांव स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर बहुत ही प्राचीन काल का है। जिसके काल की गणना आज के वृद्धजन भी नहीं बता पाते हैं। लगभग चार एकड़ के विस्तृत भूभाग में फैले इस मंदिर के एक भाग में विशाल सरोवर हैं। रोड के दूसरे भाग में इसका मंदिर है। मंदिर और पोखरे के पास की जमीन का आसपास के लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। सरोवर और मंदिर की खूबसूरती आज भी देखते बनती है। इसी सरोवर के किनारे छठ पूजा के दिन सूर्य उपासना के लिए बक्सर जिला के अलावा कैमूर, रोहतास के साथ निकटवर्ती उत्तर प्रदेश के गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर जिले के लोग भी अपनी मन्नते पूरी करने के लिए आते हैं। अपने गौरवशाली अतीत के रूप में पहचान दिलाने वाला यह मंदिर आज भी बचे हुए अवशेष के रूप में अवस्थित है। तालाब की उड़ाही दस वर्ष पहले की गई थी। जिसमें से अति प्राचीन काल की कई पतली ईंटे प्राप्त हुई थी। इसके अलावा इस सरोवर के बीच सात कुआं होने का प्रमाण भी मिला था। प्रशासनिक उदासीनता के कारण इसकी साफ-सफाई आज तक मूल रूप में नहीं की गई है। अभी भी इस सरोवर की गहराई लगभग 10 फिट से अधिक है। इस सरोवर की देखरेख के लिए इस पंचायत के पूर्व मुखिया रामहरीश तिवारी ने चाहरदिवारी का काम कराया था। इसके बाद से इसके सौदर्यीकरण या संरक्षण पर कोई कार्य नहीं किया गया है।

**दूर दूर तक फैली है देवढ़िया सूर्य मंदिर की ख्याति :** इसकी ऐतिहासिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए गांव के सामाजिक कार्यकर्ता दयानन्द मौर्य ने बताया कि अभी भी इसकी ख्याति दूर-दूर तक हैं। जहां लोग छठ के पावन पर्व के मौके पर हजारों की संख्या में इकट्ठा होते हैं। इस मंदिर के गर्भ गृह में आज भी विशाल पीपल का पेड़ इस बात का गवाही देता है कि यह मंदिर बौद्ध कालीन राजा के समय का हो सकता है। पोखरे की खुदाई से बौद्ध कालीन मूर्तियां भी बरामद हुई थी। दुर्भाग्य है कि पुरातत्व विभाग की टीम निरीक्षण के बाद अब तक इसकी खुदाई नहीं करा सकी है। जबकि जानकारों की मानें तो इस तालाब व मंदिर के गर्भ में कई ऐतिहासिक साक्ष्य छिपे है।

**मिली थी बौद्ध कालीन मूर्तियां :** मंदिर परिसर में स्थापित काले पत्थरों पर उत्कृर्ण की गई मूर्तियां भी प्राचीन काल की है। सरोवर को वर्ष 2003-2004 में तत्कालीन मुखिया रामहरीश तिवारी द्वारा जीर्णोद्धार करवाया गया था। इस दौरान ग्रामीणों को सरोवर की सफाई के दौरान कुछ मूर्तियां प्राप्त हुई थी, सभी मूर्तियां बौद्ध कालीन थी। जिसे ग्रामीणों ने स्थानीय थानाध्यक्ष के सहयोग से मंदिर में रखा था। लेकिन कुछ दिनों बाद रहस्यमय तरीके से ये मूर्तियां गायब हो गई। आज भी इस मंदिर के मुख्य दरवाजे पर ग्रेनाइट की पत्थर लगी हुयी है। जिसके दरवाजे पर प्राचीन लिपि में कुछ संदेश लिखा गया है। उस पत्थर को कुछ दिनों पूर्व मंदिर का प्लास्टर करने के दौरान उसे ढंक दिया गया है। आज भी मंदिर परिसर में बलुआ पत्थर से निर्मित खण्डित मुर्तियां मौजूद है। इसकी ख्याति को लेकर कई बार पुरातत्व विभाग की टीम आयी लेकिन सिर्फ जांच का हवाला देकर चली गई। इस बारे में ग्रामीणों ने बताया कि अगर प्रशासन ध्यान दे तो निश्चित तौर पर इसे ग्रामीण परिवेश में एक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

# कोरी हत्याकांड : पूर्व मुखिया के बेटे की हत्या का मुख्य सूत्रधार सह आरोपित गिरफ्तार

- हत्या में आरोपित मुखिया को पहले ही पुलिस भेज चुकी है जेल
- संदेश थाने के कोरी गांव में 12 अक्टूबर की शाम गोली मार की गयी थी हत्या



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के संदेश थाना क्षेत्र के कोरी गांव निवासी पूर्व मुखिया के बेटे की हत्या के मामले में पुलिस ने एक मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वह उसी थाना क्षेत्र के कोरी गांव निवासी राज किशोर प्रसाद का पुत्र आनंद कुमार है। गुरुवार की रात कोरी गांव से उसे गिरफ्तार किया गया है। एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि पिछले 12 अक्टूबर की शाम आपसी वर्चस्व में संदेश थाना क्षेत्र के कोरी गांव में पूर्व मुखिया रामेश्वर पासवान के पुत्र हरेश पासवान की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। उसे लेकर मुखिया सहित अन्य लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर हत्या के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। एसपी के अनुसार गिरफ्तार आनंद कुमार ही हत्या की सूत्रधार था।

उससे पूछताछ के आधार पर हत्याकांड में शामिल सभी की पहचान कर ली गयी है।उसकी निशानदेही पर सभी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। इस मामले में कोरी गांव निवासी और पंचायत मुखिया संजय चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।टीम में संदेश के थानाध्यक्ष दीपक कुमार झा व एएसआई सदानंद पांडेय थे। बता दें कि 12 अक्टूबर की शाम पूर्व मुखिया पुत्र हरेश पासवान की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। उस मामले में पूर्व मुखिया रामेश्वर पासवान की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें मुखिया संजय चौधरी, उनके भाई और पुत्र सहित गांव के ही 16 लोगों को नामजद किया गया है। चार-पांच अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है।

## युवती की हत्या का डेढ़ साल बाद खुलासा, मुख्य कातिल गिरफ्तार

- संदेश थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव से पकड़ा गया आरोपित
- 29 मार्च 2021 की रात घर से गायब युवती की गला घोंट की गयी थी हत्या

**आरा।** भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव में युवती की हत्या करते हुए पुलिस द्वारा मुख्य कातिल को गिरफ्तार कर लिया है। वह जमुआंव गांव का रहने वाला मुकेश कुमार है। पुलिस की पूछताछ में उसने हत्या में संलिप्तता भी स्वीकार कर ली है। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पिछले साल 30 मार्च की सुबह जमुआंव गांव निवासी एक युवती की हत्या कर फेंका गया शव बरामद किया गया था। उसके बाद से हत्या का खुलासा करने और घटना में शामिल अपराधियों की धरपकड़ को लेकर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा तकनीकी जांच और लोकल इनपुट के आधार पर हत्या में शामिल जमुआंव के मुकेश कुमार की पहचान की गयी। उसके बाद गुरुवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार झा, दारोगा अरविंद कुमार और मनीष कुमार शामिल थे। बताया जा रहा है कि जमुआंव गांव निवासी अलाउद्दीन अंसारी की 18 वर्षीय पुत्री 29 मार्च की रात अपनी मां के साथ सोयी थी। देर रात वह अचानक गायब हो गयी थी। तीस मार्च की दोपहर उसका शव बरामद किया गया था। उसे लेकर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

## पर्दा हटाने के विवाद में पट्?टीदारों ने युवक के पेट में चाकू घोंपा, हालत गंभीर



घर में चल रही थी छठ पूजा की तैयारी, चाकू मारने की घटना से माहौल गमगीन

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के तरारी थाना अंतर्गत अरौना गांव में शुक्रवार की शाम पर्दा हटाने के विवाद में एक युवक के पेट में चाकू घोंप दिया गया। इसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। उसका इलाज आरा शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। उसकी हालत काफी नाजुक बनी है। जख्मी युवक खरौना गांव निवासी स्व. शिव बचन राय का 27 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार है। वह पेशे से प्राइवेट गार्ड है और पटना स्थित किसी कंपनी में तैनात है। चाकू मारने का आरोप पट्टीदार के ही पांच लोगों पर लगाया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इधर,जख्मी पंकज कुमार की पत्नी प्रियंका देवी ने बताया कि शुक्रवार को उसकी सास और देवर हिमाचल में रहते हैं। दोनों छठ करने गांव आये थे। शुक्रवार की उसका देवर सामान लेकर आया और पर्दा हटा कर सामान रख रहा था। तभी उसके पट्टीदार के लोग पहुंच गए और पर्दा हटाने का विरोध करने लगे। उस दौरान पट्टीदारों द्वारा उसके देवर की पिटाई की जाने लगी। उसे देख उसका पति बीच-बचाव करने गया। तभी एक पट्टीदार ने उसे चाकू मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विजय कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गये और दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि आपसी विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है। दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं युवक का इलाज कर रहे डॉ. विकास सिंह ने बताया कि चाकू युवक के लीवर तक लगा है। उसके कारण खून काफी बढ़ गया है। युवक की स्थिति काफी पुअर है। ऑपरेशन कर युवक की जान बचाने की कोशिश की जा रही है।

## संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**केटी न्यूज/आरा**

ब्रह्म विद्या विहंगम योग के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को सदगुरु पद उतराधिकारी संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विहंगम योग संत समाज आरा के द्वारा रेड क्रास सोसायटी में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त दान महादान उद्देश्य से इस अवसर पर भोजपुर जिला संत समाज के गुरु भाई-बहनों हषो? उल्लास के साथ भाग लिया। ब्रह्म विद्या विहंगम योग केवल आध्यात्मिक संस्था ही नहीं बल्कि एक सामाजिक संस्था भी हैं। इस संस्था के द्वारा समय-समय पर अनेकानेक समाजिक कार्य किए जाते हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त हरि नारायण पासवान, रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ. बीएन यादव, वाइस चेयरमैन डॉ राजेश सिंह, उप संरक्षक लालदास राय, डॉ. दिनेश प्रसाद सिन्हा ने उपस्थित होकर विहंगम योग के अनुयाइयों की हौसला अफजाई की। इस महती कार्यक्रम में भोजपुर जिला के परामर्शक दीपनारायण प्रसाद, जिला सचिव विजय चंद्रकांत पांडेय, सदर आरा संयोजक कृष्णा प्रसाद, सह संयोजक राजवंश सिंह, अमरेन्द्र श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, उमेश सिंह, कृष्णा नन्द राम, युवा संयोजक-अनुप कुमार, जयवीर जी, लंदन प्रसाद, विजय सिंह विष्णु राय हरे राम सिंह राज किशोर चौधरी इत्यादि ने भाग लिया। इस पुनीत अवसर पर भोजपुर जिला बिहंगम योग संत समाज के गुरु भाई बहनों ने मिलकर कुल 50 यूनिट रक्तदान किया गया।

## जिला प्रशासन ने पूर्व सैनिकों एवं विरंगनाओं को किया सम्मानित

**केटी न्यूज/आरा**





विरंगाना को सम्मानित करते डीएम

जिला समाहरणालय के सभागार में पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय, आरा द्वारा जिला के तमाम भारतीय जवानों पूर्व सैनिकों एवं विरंगनाओं को भोजपुर जिलाधिकारी श्रीराज कुमार एवं पुलिस अधिक्षक जय कुमार एवं डीडीसी विक्रम कुमार की उपस्थिति में पूर्व सैनिकों एवं विरगनाओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय, आरा के मंडल प्रमुख अनिल कुमार के द्वारा सभा को संबोधित करते हुए सभी पूर्व सैनिकों एवं विरंगनाओं को शॉल से स्वागत करते हुए उन्होनें बैकिंग के माध्यम से उन जवानों को तथा विरंगनाओं को हर तरह की सुविधा मुहैया कराने का आश्वासन दिया। साथ ही, किसी भी प्रकार की बैंकिंग सेवा से संबंधित पर सुविधा उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दियेंया। जिले का अग्रणी बैंक होने के नाते यह मेरा दायित्व बनता है कि आप सभी के साथ मिलकर तथा आपकी समस्याओं का निष्पादन बैंकिंग के माध्यम से कर सकूं, तो मेरा यह प्रयास सार्थक होगा।

उन्होने यह भी आश्वस्त किया कि जो भी सेवा हमारे बैंकिंग के माध्यम से हो सकता है हमें आवश्य जानकारी में लाए, चाहे वह जमा से संबंधित हो या फिर ऋण से संबंधित हो। यह भी स्पष्ट किये की हमारे यहा असान शर्तों व किस्तों पर पेंशन ऋण, आवास ऋण व्यक्तिगत ऋण हमारी सभी शाखाओं में उपलब्ध हैं। आप सभी सैनिकों साथीयों का एक बार फिर धन्यवाद देता हूं तथा पावन पर्व छठ की शुभकामना देता हूं कि आप स्वस्थ्य एवं खुशहाल रहे। इस दौरान पीएनबी के अग्रणी जिला मुख्य प्रबन्धक श्री राजेश कुमार जी भी उपस्थित रहे तथा मंच का संचालन मेजर राणा के द्वारा किया गया।

## एक नजर

### बालू के वर्चस्व में हत्या की थी साजिश, हथियार के साथ पकड़ा गया बदमाश

**आरा।** भोजपुर के कोईलवर थाना क्षेत्र के बड़का चंदा गांव से हथियार के साथ एक बदमाश की गिरफ्तारी का राज खुल गया है। पुलिस के हत्थे चढ़ा बदमाश एक शख्स की हत्या के लिए अपने अन्य साथियों के साथ हथियार लेकर गांव में मौजूद था। ऐन मौके पर पुलिस को सूचना मिल गयी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे। गिरफ्तार बदमाश बड़का चंदा गांव निवासी विवेक कुमार है। उसके पास से दो देसी कट्टा, एक मिस्ड फायर गोली और एक फाइटर पंच बरामद किया गया है। एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर को सूचना मिली कि मारपीट करने के लिए बड़का चंदा में एक युवक हथियार के साथ मौजूद है। इस आधार पर ईआरवी (डायल 112) की टीम के साथ कोईलवर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार और दारोगा सुरेश प्रसाद द्वारा उस गांव में छापेमारी कर विवेक कुमार को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि छानबीन के दौरान पता चला कि बालू के वर्चस्व को लेकर विवेक कुमार द्वारा अपने साथियों के साथ एक शख्स की हत्या करने के लिए हथियार के साथ गांव में घूम रहा था।

### गंगा घाट पर रंगदारी वसूलने की फिराक में था पुलिस पर फायरिंग का आरोपित

**आरा।** जिले के बहोरनपुर ओपी क्षेत्र के शिवपुर गंगा घाट से गिरफ्तार कुख्यात आकाश ठाकुर उर्फ झाल इलाके में रंगदारी वसूलने की फिराक में था। वह पूर्व में उस इलाके में रंगदारी वसूला करता है। उस पर पहले से भी बिहिया थाने में हत्या सहित छह केस दर्ज है। पिछले दिनों पुलिस पर फायरिंग में भी वह मुख्य आरोपित है। वहीं हथियार बरामदगी में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और आपराधिक षड़यंत्र के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली कि पुलिस पर फायरिंग में वांटेड गौरा गांव निवासी आकाश ठाकुर उर्फ झाल ठाकुर रंगदारी वसूलने के लिए शिवपुर की ओर जा रहा है। उस आधार पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बना छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्टल और चार गोलियां बरामद की गयी है। टीम में बहोरनपुर ओपी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार सत्यार्थी और हवलदार साहेब मंडल सहित अन्य जवान शामिल थे।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**रोहतास।** जिले में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। पूरा मामला करगहर थाना क्षेत्र के तेंदुआ बभनी गांव का है, जहां शुक्रवार सुबह पेड़ से लटकते हुए युवक का शव बरामद किया गया। वहीं मृतक की पहचान तेंदुआ बभनी गांव के ही 23 वर्षीय अरुण देव वर्मा, पिता आईडी वर्मा के रूप में की गई है। युवक का शव मिलने के बाद घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई । वहीं युवक ने खुदकुशी की है या आत्हमत्या, इसे लेकर गांव में तरह-तरह की बातें कही जा रही है। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार रात 11 बजे तक युवक अपने घर में था।

## सासाराम सदर अस्पताल में आरटीपीसीआर लैब का हुआ उद्घाटन

# आरटीपीसीआर जांच के लिए सक्षम हुआ सासाराम सदर अस्पताल : डीएम





सदर अस्पताल सासाराम

कोरोना महामारी से निपटने के लिए केंद सरकार के साथ साथ राज्य सरकार ने भी कई कदम उठाये हैं । ताकि कोरोना संक्रमण से लोगों को बचाया जा सके। इसी के तहत शुक्रवार को सासाराम सदर अस्पताल में आरटीपीसीआर लैब का उद्घाटन किया गया। आरटीपीसीआर लैब का उद्घाटन रोहतास जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने किया। लैब का उद्घाटन करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में आरटीपीसीआर लैब खुलने से कोविड जांच में काफी फायदा होगा। पहले यह जांच नारायण मेडिकल कॉलेज में होती थी , परंतु अब सदर अस्पताल में लैब खुलने से सभी जांच सदर अस्पताल में ही होगी । यह जिले के लिए उपलब्धि है। डीएम ने कहा कि भविष्य में यदि संक्रमण का प्रकोप होता है तो हमलोग आरटीपीसीआर के लिए स्वयं सक्षम होंगे। लैब का उद्घाटन करने के बाद जिलाधिकारी ने पूरे लैब का मुआयना किया। इस दौरान लैब में कार्यरत लैब तकनीशियन एवं माइक्रोबायोलॉजिस्ट ने आरटीपीसीआर जांच की पूरी प्रक्रिया समझायी ।वहीं इसके लिए जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई दी ।

जिले में अबतक 7.51 लाख लोगों की हुई आरटीपीसीआर जांच-

विदित हो कि रोहतास जिले ने अब तक कुल 26 लाख 66 हजार 854 लोगों की कोरोना जांच की गई है । जिसमें 7 लाख 51 हजार 446 लोगों की आरटीपीसीआर के माध्यम से जांच की गई है । शुरूआती दौर में जांच के लिए सैम्पल पटना भेजा जाता था। उसके बाद जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज भेजा जाने लगा। स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार आरटीपीसीआर जांच के लिए नारायण मेडिकल कॉलेज को प्रति जांच 75 रुपये दिया जाता है।

**टेक्नीशियन की हो चुकी है नियुक्तिः** आरटीपीसीआर लैब को संचालित करने के किये पहले ही टेक्नीशियन की नियुक्ति कर दी गई थी। लैब को संचालित करने के लिए फिलहाल दो लैब टेक्नीशियन, एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट एवं एक डेटा ऑपरेटर की नियुक्ति की गई है। लैब को 24 घण्टे संचालित करने के लिए और माइक्रो बायोलॉजिस्ट तथा लैब टेक्नीशियन की बहाली की जाएगी।

**निःशुल्क होगी आरटीपीसीआर की जांचः** सिविल सर्जन डॉ के एन तिवारी ने कहा कि सदर अस्पताल में आरटीपीसीआर जांच पूरी तरह निःशुल्क होगी । उन्होंने बताया कि पहले भी कोरोना की सभी जांच निःशुल्क ही होती थी । परंतु आरटीपीसीआर जांच यहाँ उपलब्ध नहीं था तो सैम्पल को नारायण मेडिकल कॉलेज भेजा जाता था। जहाँ जिला स्वास्थ्य समिति को प्रति जांच भुगतान करना होता था। उन्होंने बताया कि अब

## छोटी खबरें

### छठ पूजा को ले दण्डाधिकारी नियुक्त

**केसठ।** लोक आस्था के महा पर्व को शांति पूर्ण निपटाने तथा विधि व्यवस्था के संधारण के लिए केसठ प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों के लिए दंडाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मनरेगा पीओ प्रवीण कुमार, जेई बिनोद कुमार, जेई सोनू कुमार को बतौर दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावे नावानगर थाने से पुलिस बल को भी प्रतिनियुक्त किया गया है। नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को मुश्तैद रहने की नसीहत दी गई है। ताकी छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो।

### राजद नेता ने लिया छठ घाटों का जायजा

**केसठ।** केसठ प्रखंड राजद में राजद की टीम ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के छठ घाटों का जायजा ले तैयारियों को परखा। स्थानीय पंचायत के मुखिया अरविन्द कुमार उर्फ गामा पहलवान और राजद नेता सुनील कुमार सिंह उर्फ पप्पू यादव के नेतृत्व में राजद की टीम ने प्रखंड कार्यालय परिसर के तालाब सहित कई अन्य गांवों में बन रहे छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व सुविधा के लिहाज से कई आवश्यक निर्देश दिए। दोनों नेताओं ने कहा कि यह लोक आस्था का महापर्व है। इसमें किसी तरह की चुक नहीं होनी चाहिए। इस दौरान बीडीओ से सुरक्षा व रौशनी संबंधित जानकारी भी राजद की टीम ने हासिल किया। मौके पर जितेंद्र पहलवान, मुकेश कुमार, संजय बारी आदि थे।

### महर्षि विश्वामित्र चलंत आरोग्य वाहन से 70 ग्रामीणों की हुई जांच

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड अंतर्गत सोनवर्षा पंचायत के वार्ड 5 में महर्षि विश्वामित्र चलंत आरोग्य वाहन के माध्यम से ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद लोगों के बीच दवाओं का वितरण किया गया। चलंत आरोग्य वाहन के माध्यम आपके द्वार स्वास्थ्य जांच के तहत 70 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर चिकित्सक ने उचित सलाह दिया। स्वास्थ्य जांच चिकित्सक डॉ. अभिलाष, सहायक चिकित्सक डॉ. नितिन एवं राम वाहन द्वारा किया गया। जांचोपरांत चिकित्सक ने जरुरतमंदो को दवा दिया। वही कई मरीजों को जिला के सीएचसी में इलाज कराने की सलाह दिया।

# छठ महापर्व : छठ मईया के डाला में सजेंगे डुमरांव के गुड़ से बने ठेकुआ

## कई राज्यों में होती है यहां के गुड़ की डिमांड

**सौरभ केशरी/ डुमरांव**



लोक आस्था के महापर्व छठ में गुड़ की महत्ता बढ़ जाती है। इस बार डुमरांव के गुड़ की खुशबू से यूपी और झारखंड की मंडियां भी कायल है। यहां के बने गुड़ से कई राज्यों के छठ व्रती छठ मईया का प्रसाद बना कर सूर्य देवता को अर्घ्य देंगे। ईख की खेती से जुड़े स्थानीय ग्रामीण इलाकों के किसानों के आंगन में गुड़ के कराह चढ़ गये है। गुड़ की सोंधी खुशबू से इलाका महक रहा है। मंडियों में गुड़ की मांग बढ़ गयी है और व्यापारी गुड़ की खरीदारी कर अपने मंडियों में ले जाकर बिक्री कर रहे है। लोक परंपरा के अनुसार वहां के छठ व्रती छठ मईया के प्रसाद में गुड़ का ठेकुआ बनाकर इसका इस्तेमाल करेंगे। गन्ना किसान की माने तो डुमरांव के नंदन, चतुरशालगंज, आमसारी, लाखनडेरा, अरियांव आदि इलाके में बनने वाले गुड़ अन्य राज्यों में भी प्रसिद्धि दिलाई है। यहां की मिट्टी से उपजे गन्ने की पिराई कर बनाये गये गुड़ यूपी के बलिया, गोरखपुर, बनारस, गाजीपुर और झारखंड के कोडरमा, चौपारण, रांची, धनबाद और बोकारो के व्यापारी यहां से गुड़ की खरीदारी कर अपने मंडियों में बेच अच्छी कमाई करते है। छठ महापर्व को लेकर दिन-रात किसान कड़ी मेहनत कर गुड़ बनाने में जुटे है।

### सहायता के बगैर किसान बेदम

अपनी मेहनत के बदौलत आर्थिक लाभ कमाने वाले किसानों का कहना है कि ईख की खेती के लिए सरकार की ओर से कोई बढ़ावा नहीं मिला है। 100 किलोमीटर के दायरे में एक भी चीनी मिल नहीं है, जिससे किसानों को मोटे लाभ से वंचित रहना पड़ता है। किसान कहते है कि अन्य फसलों की उपज बढ़ाने के लिए सरकार नये-नये कृषि यंत्रों को मुहैया करा रही है, लेकिन ईख की खेती करने वाले किसानों को सरकारी सहायता के नाम पर कोई मदद नही मिल पायी है। ईख की पैदावार के लिए आसमानी पानी पर निर्भर रहना पड़ता है।

### 10 घंटे में तैयार होता है गुड़

किसान कहते है कि 20 किलोग्राम गुड़ बनाने में करीब 10 घंटे का समय लगता है। 80 लीटर ईख के रस को चार घंटे तक तेज आंच पर पकाया जाता है। जब वह मधु की तरह होता है तो उसे दो घंटे तक ठंडे जगह पर रखने के बाद घर का पूरा परिवार दानेदार रावा को छोटे-छोटे लड्डू के तरह तैयार किया जाता है। इस काम मे पूरा दिन निकल जाता है। व्यापारी इस गुड़ को 45 रुपये प्रति किलो के हिसाब से खरीद करते है और अपने मंडियों में ले जाकर 55 से 60 रुपये प्रति किलो बिक्री करते है। इस आमदनी से पूरे परिवार का भरण-पोषण आसानी से हो जाता है।

## सभी घाटों पर तैनात रहेंग नाव व गोताखोर

# छठ को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम व एसपी ने संयुक्त ब्रिफिंग कर दिए कई आवश्यक निर्देश



ब्रिफिंग करते डीएम एसपी

### ● वाच टॉवर से भी होगी निगाहबानी

**केटी न्यूज/ बक्सर**

लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण व सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। शुक्रवार को डीएम अमन समीर व एसपी नीरज कुमार सिंह ने जिलेभर के अधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रिफिंग किया। इस दौरान घाटों की सुरक्षा से लेकर विधि व्यवस्था के संधारण तक कई आवश्यक जानकारियां दी गई तथा दंडाधिकाकारियों व संबंधित कार्यो के लिए पदाधिकारियों की सूची के साथ ही इमजेंसी सेवाओं के लिए कई नंबर जारी किए गए। जानकारी के अनुसार छठ पर्व 2022 के सफल संचालन हेतु 144 को-ऑडिनेटर, दण्डाधिकारी, 31 सेक्टर दण्डाधिकारी, को-ऑडिनेटर, पुलिस पदाधिकारी, 29 क्वीक रिस्पाँस टीम, 18 घाटों के सम्पर्क पथ, गश्ती दल को-ऑडिनेटर, 06 जोनल दंडाधिकारी, गंगा नदी में गश्ती पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं 44 सुरक्षित को-ऑडिनेटर, दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्ति स्थल पर निर्धारित समय से पूर्व ही पहुंचकर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि साफ-सफाई, रोशनी एवं सुरक्षा हेतु बैरिकेटिंग की समुचित व्यवस्था है कि नहीं। घाटों पर पहुंच पथ के समतलीकरण, साफ-सफाई, प्रवेश एवं निकास की समुचित व्यवस्था आदि का भी जायजा लेना है। डीएम ने नगर परिषद क्षेत्र के घाटों के लिए नगर परिषदों के ईओ तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संबंधित प्रखंड के बीडीओ को यह जिम्मेवारी दी है। गंगा घाटों पर लगने वाले भीड़ को नियंत्रित करने एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बक्सर शहर स्थित रामरेखा घाट, सुमेश्वर घाट, जहाज घाट, नाथ बाबा घाट, ज्योति चौक, मॉडल थाना चौक, सती/गोला घाट, सिद्धनाथ घाट, मुनीम चौक, ठोरा संगम घाट, अहिरौली घाट एवं डुमरांव शहर में छठिया पोखरा घाट एवं ब्रह्मपुर में बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर के पीछे शिव घाट प्रमुख है। जिनकी विशेष निगरानी करनी है। सभी घाटों एवं सम्पर्क पथों पर पटाखें छोडे.जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष बक्सर समाहरणालय परिसर अवस्थित कोषागार कार्यालय के उपरी तल पर संचालित आपदा शाखा का नियंत्रण कक्ष में कार्यरत होगा। जिसका दूरभाष संख्या 06183.223333 है। उप विकास आयुक्त बक्सर (मो0 9431818347) जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभारी पदाधिकारी के रूप में रहेंगे। अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बक्सर एवं डुमराँव सोशल मीडिया पर साईबर सेनानी व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से लगातार नजर बनाये रखेंगे।

छठ पर्व 2022 विधि व्यवस्था के प्रभार उक्त तिथि को अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर (मो0 9473191241), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर (मो0 9431800090) तथा डुमरांव अनुमंडल का अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव (मो0 9473191242), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरांव (मो0 9431800091) अपने-अपने अनुमण्डल के विधि-व्यवस्था के प्रभार में रहेंगे। जिले के विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण वरीय प्रभार में अपर समाहर्ता बक्सर (मो0 9473191240) एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय बक्सर (मो0 9431800092) रहेंगे।

### व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए 13 छठ घाटों पर तैनात होगी क्विक मेडिकल रिस्पांस टीम

**बक्सर।** छठ महापर्व को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। जिला स्वास्थ्य समिति ने जिले के प्रमुख घाटों को चिह्नित करते हुए वहां मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित कर ली है। इसके लिए जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने क्विक मेडिकल रिस्पांस टीम (क्यूएमआरटी) की प्रतिनियुक्ति की है। साथ ही, महापर्व के मद्देनजर सभी चिकित्सा पदाधिकारियों व पारा मेडकल कर्मियों का अवकाश भी रद्द कर दिया है। ताकि, आपात स्थिति में इन पदाधिकारियों और कर्मियों की सहायता ली जा सके। सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया कि पर्व को लेकर जिले के 13 प्रमुख घाटों के लिए क्यूएमआरटी की तैनाती की जाएगी। साथ ही, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक या अस्पताल प्रबंधक को निर्देश दिया गया है कि वो सदर प्रखंड अंतर्गत सभी घाटों पर तैनात क्यूएमआरटी कंट्रोल रूम स्थल पर पर्याप्त मात्रा में प्राथमिक उपचार के लिए जीवन रक्षक दवाओं की किट तैयार कराकर कन्ट्रोल रूम पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, जिले के अन्य प्रखंडों में कार्यरत क्यूएमआरटी टीम को संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्राथमिक जीवन रक्षक दवाओं की किट उपलब्ध कराएंगे।

### प्रमुख घाटों पर बनाया जायेगा नियंत्रण कक्ष

डॉ. नाथ ने बताया कि 13 घाटों के अलावा बक्सर व डुमरांव को एम्बुलेंस के साथ एक-एक मेडिकल टीम उपलब्ध करायी जाएगी। 13 प्रमुख घाटों में रामरेखा घाट, रामरेखा घाट मोड़, नाथ बाबा घाट, मुनिम चौक, ज्योति प्रकाश चौक, गोला घाट, सिद्धनाथ घाट, सुमेशवर स्थान घाट, जेल घाट, एसपी घाट, अहिरौली घाट, चौसा स्थित महादेव घाट, ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर स्थित तालाब घाट पर मेडिकल टीम तैनात रहेगी। साथ ही, इनमें से प्रमुख घाटों पर नियंत्रण कक्ष भी बनाया जायेगा। इन घाटों के अलावा मॉडल थाना बक्सर तथा डुमरांव स्थित छठिया पोखरा पर एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम तैनात रहेगी। जिसके लिए चिकित्सा पदाधिकारी, आयुष चिकित्सक, एएनएम, जीएनएम और फार्मासिस्ट की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त टीम 30 अक्टूबर दोपहर दो बजे से 31 अक्टूबर को मेला समाप्ति तक रोस्टर के अनुसार तैनात रहेगी। इसके साथ ही जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष के पास भी एक एम्बुलेंस उपलब्ध रहेगा। जिसमें ऑक्सीजन सिलिन्डर, दवा, स्ट्रैचर एवं आवश्यक मशीन उपकरण की उपलब्धता भी रहेगी। इसे अलावा रक्त अधिकोष को भी अपने स्तर से तत्पर रहने का निर्देश दिया गया है।

## ऑटो के तहखाने में छिपाई गई थी अंग्रेजी शराब, पुलिस ने किया जब्त

**केटी न्यूज/डुमरांव**



पुलिस से बचने के लिए शराब तस्कर कई तरकीब निकाल रहे है। लेकिन पुलिस के आगे उनकी एक नहीं चल रही है। ऐसा ही एक मामाल नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र में देखने को मिली है। एक शराब तस्कर शराब छिपाने के लिए टेम्पो में तहखाना बनवा लिया था। लेकिन नया भोजपुर ओपी पुलिस को इसकी भनक लग गई। गुरुवार की देर शाम नया भोजपुर ओपी पुलिस को सूचना मिली थी कि एक शराब तस्कर टेम्पो में बने तहखाने में छिपाकर शराब की खेप लेकर डुमरांव से पुराना भोजपुर की तरफ आने वाला है। इस सूचना पर पुलिस ने मिशन स्कूल के पास गश्ती अभियान शुरू कर दिया। लेकिन पुलिस को देखते ही थोड़ा पहले वह टेम्पो खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने जब तलाशी लिया, तो टेम्पो के गुप्त तहखाने में 255 बोतल विदेशी अंग्रेजी शराब मिला। इसके बाद पुलिस ने टेम्पो के नंबर के आधार पर तस्कर की पहचान में जुट गई है। इसकी पुष्टि करते हुए नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस को यह सफलता मिली है।


## ऑटो के तहखाने में छिपाई गई थी अंग्रेजी शराब, पुलिस ने किया जब्त

**पुलिस को देखते ही टेम्पो छोड़ भागा तस्कर**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुलिस से बचने के लिए शराब तस्कर कई तरकीब निकाल रहे है। लेकिन पुलिस के आगे उनकी एक नहीं चल रही है। ऐसा ही एक मामाल नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र में देखने को मिली है। एक शराब तस्कर शराब छिपाने के लिए टेम्पो में तहखाना बनवा लिया था। लेकिन नया भोजपुर ओपी पुलिस को इसकी भनक लग गई। गुरुवार की देर शाम नया भोजपुर ओपी पुलिस को सूचना मिली थी कि एक शराब तस्कर टेम्पो में बने तहखाने में छिपाकर शराब की खेप लेकर डुमरांव से पुराना भोजपुर की तरफ आने वाला है। इस सूचना पर पुलिस ने मिशन स्कूल के पास गश्ती अभियान शुरू कर दिया। लेकिन पुलिस को देखते ही थोड़ा पहले वह टेम्पो खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने जब तलाशी लिया, तो टेम्पो के गुप्त तहखाने में 255 बोतल विदेशी अंग्रेजी शराब मिला।


## एक नजर

### छठ घाट की सीढ़ियों को पक्का करने का विधायक ने दिया निर्देश



छठिया पोखरा घाट का निरीक्षण करते विधायक

**डुमरांव।** डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुशवाहा ने शुक्रवार को डुमरांव के सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान छठिया पोखरा पर कच्चें घाटों को देख विधायक ने एसडीओ से इसका पक्कीकरण कराने को कहा। विधायक ने डुमरांव क्षेत्र के छठिया पोखरा, रानी पोखरा, भैंसहा नदी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस क्रम में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि छठिया पोखरा की तरह ही रानी पोखरा सहित अन्य छठ घाटों पर पक्की सीढ़ी बनवाई जाए, ताकि अर्घ्य देने में व्रतियों को कठिनाई न हो। उन्होंने छठ घाटों पर आने वाले रास्ते को समतल कराने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। विधायक ने नगर परिषद को निर्देश दिया कि साफ सफाई की उत्तम व्यवस्था के साथ-साथ पर्याप्त रोशनी की भी व्यवस्था रखें। किसी भी छठ घाट में गंदगी न मिले, यह सुनिश्चित कराएं। पदा पदाधिकारी तथा नगर परिषद को निर्देश दिया कि बैरिकेडिंग के ऊपर लाल झंडा लगाएं। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर ड्राप गेट लगाया जाना है, उसे कल तक ड्राप गेट लगवाना सुनिश्चित कराएं। सफाई व्यवस्था में कमी देखकर नगर परिषद के पदाधिकारियों को फटकार लगाते हुए सख्त हिदायत दिया कि वैसे छठ घाट जहां पूर्व से छठ पर्व में अर्घ्य दिया जाता है, वहां कहीं भी गंदगी है तो 2 दिन के अंदर ही साफ-सफाई हर हाल में करवा लें। मौके पर भाकपा माले के डुमरांव प्रखंड सचिव सुकर राम, वरिष्ठ राजद नेता जगनारायण सिंह, माले नेता नीरज कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, कृष्णा राम, मो नासिर हसन, दीपक तिवारी, सर्वेश पांडेय, शैलेन्द्र पासवान, मोहन आदि मौजूद थे।

### फायर ब्रिगेड ने चलाया जागरूकता अभियान, लोगों को किया जागरूक



जागरूकता अभियान चलाते अग्निशामन विभाग के कर्मी

**डुमरांव।** अग्निशामन विभाग ने लोक आस्था के महापर्व छठ के दौरान अग्निकांड से बचाव के लिए शुक्रवार को विभिन्न छठ घाटों तथा भीड़ वाले इलाकों में लोगों को माक ड्रिल के माध्यम से पटाखा छोड़ने के दौरान बचाव के उपाय के साथ ही अग्निकांड के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को बताया। इस दौरान अग्निशामन विभाग द्वारा लोगों तथा पटाखा दुकानदारों को अधिक डेसीबल वाले पटाखों से दूर रखने की नसीहत दी गई। इस दौरान अग्निशमालय पदा. विजेंद्र कुमार ने छठ घाटों पर पटाखे से आग लगाने के बाद सर्वप्रथम बचाव का तरीका सिखाया। उन्होंने अग्निकांड से बचाव पर दुकानदारों और आम लोगों को भी जागरूक किया। उन्होंने दुकानों तथा छठ घाटों पर बालू और पानी के अलावे अग्निशामक यंत्र रखने का सुझाव भी दिया। लोगों से छठ घाटों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पटाखे नहीं छोड़ने की अपील की गई। अग्निशमन कर्मियों ने कहा कि जागरूकता बढ़ा पटाखा से लगने वाली आग को रोका जा सकता है। महापर्व के दौरान विभाग की इस पहल की सराहना हो रही थी।

### नहाय खाय संपन्न, खरना आज, सज कर तैयार हुए छठ घाट



कद्दू बेचता दुकानदार

**बक्सर टीम।** लोक आस्था के महापर्व में अब महज 24 घंटे शेष रह गए है। शनिवार की शाम खरना का प्रसाद खाने के बाद व्रती महिलाएं 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास शुरू करेंगी जो सोमवार के सुबह के अर्घ्य के साथ पूरा होगा। रविवार की शाम पहला अर्घ्य दिया जाएगा। इधर महापर्व को ले बाजार भी छठमय बन गया है। बाजार के सभी हिस्सों में सिर्फ फल, दउरा, महावर, नारियल, ईंख आदि के स्टाल नजर आ रहे है। शुक्रवार को नहाय खाय के लिए सबसे अधिक डिमांड कद्दू की थी। बाजार में कद्दू 100 से 150 रूपए पीस बिक रहा था। व्रति परिवारों में भी जरूरी सामानों की खरीददारी होते रही। छठ नजदीक आने से प्रशासनिक तैयारियां भी तेज हो गई है। खरना के पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन ने विभिन्न छठ घाटों का जायजा ले आवश्यक निर्देश दिया है। गौरतलब है कि लोक आस्था के महापर्व के दौरान लाखों परिवार गंगा तथा विभिन्न जलाशयों के किनारे आते है। इस कारण प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जा रही है।

### छठ को लेकर चलाया जा रहा विशेष चेकिंग अभियान

**सासाराम।** छठ अहापर्व को लेकर सासाराम रेलवे जंक्शन के प्लेटफॉर्म पर जीआरपी पुलिस टीम ने यात्रियों की भयमुक्त यात्रा के लिए स्टेशन के प्लेटफार्म पर रूकनेवाली ट्रेनों में विशेष रूप से चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान ट्रेन के कोचों की सघन तलाशी ली गई। हालांकि इस संबंध मे जानकारी देते हुए सासाराम रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाना के थानाध्यक्ष ने बताया कि गुरूवार को अहले सुबह सासाराम जंक्शन पर रूकनेवाली अप-डाउन लाइन की ट्रेनों के अंदर जीआरपी पुलिस टीम ने विशेष रूप से चेकिंग अभियान चलाया। उक्त अभियान के दौरान ट्रेन की तलाशी अभियान में पुलिस को कुछ भी प्राप्त नही हुई। जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि छठ त्यौहार नजदीक आ रहा है। इससे सतर्कता बरती जा रही है।







## छोटी खबरें

### चोरों ने लाखों के गहने व कीमती सामान पर किया हाथ साफ

**बलिया।** फेफना गांव में गुरुवार की रात चोरों ने एक घर से लाखों रुपये के गहने व कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया। दूसरे दिन शुक्रवार को सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जाता है कि फेफना निवासी आफताब आलम गुरुवार की सुबह बीमार होने के कारण मउ इलाज के लिए गया था। दूसरे दिन शुक्रवार की दोपहर जब घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा हुआ था, अंदर जाकर देखा कि सामान बिखरा पडा है तथा आलमारी से एक सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी, दो मंगटिका, चांदी के बर्तन, कपड़ा के साथ एलईडी टीवी पर भी हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### जिलाधिकारी को सौंपा पत्रक

**बलिया।** जिला मुख्यालय स्थित वार्ड नंबर 10 से सटे गौशाला रोड़ ददरी मेला मुख्य द्वार मार्ग मरम्मत के लिए रविशंकर गुप्ता उर्फ कल्लू ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा है। जिसमें रविशंकर ने जिलाधिकारी को अवगत कराया है कि वार्ड नंबर 10 से संबंधित गौशाला रोड़ ददरी मेले का मुख्य रास्ता है, वो पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटानाएं हो रही हैं। जिसका उल्लेख दैनिक पत्रिका ने भी किया गया है। इस मेले में विगत एक दशक से आ रहा है, लेकिन अब तक मेला क्षेत्र में पहुंचने के लिए सड़क की व्यवस्था नहीं हो सकी। दूसरी ओर ओवरलोड वाहन मेले क्षेत्र में लेकर पहुंचने में काफी दिक्कत होती है। उन्होंने जिलाधिकारी से निवेदन किया है कि उनके पत्रक पर संज्ञान लेत हुए ददरी मेला मार्ग एवं उस से संबंधित सड़कों को जल्द से जल्द मरम्मत एवं सुधार करायी जाए। ताकि मेले के अन्दर आने जाने वाले जनता एवं बाहर से आये हुए मेले के परदेशियों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### व्रतियों के बीच साड़ी व पूजन सामग्री वितरित

**बलिया।** कदम चौराहे के समीप जनता फ्रन्ट के बैनर तले सैकड़ों माता बहनों को छठ पूजा के शुभ अवसर पर अध्यक्ष ददन यादव के नेतृत्व में 22वें वर्ष माताओं एवं बहनों में साड़ी एंव पूजन सामग्री वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि यह हम लोग सेवा लगातार 22 वर्षों से कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। इससे कोई राजनीतिक संपर्क नहीं है, हम लोगों का मकसद है कि हर गरीब के घर छठ पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाई जाए।

# डाला छठ : नहाय-खाय के साथ सूर्योपासना का व्रत आरंभ..

## छठ महापर्व पर विशेष : घर-घर में आज से छठ मैया की मंगल गीत गाए जाएंगे, शुरू होगी पूजा







अखिलानंद तिवारी/गाजीपुर

छठ पूजा का त्योहार नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से शुरू हो गया। भगवान सूर्य व छठी माता को समर्पित छठ पर्व हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व चार दिन तक चलता है। इस साल ये 28 अक्टूबर से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलेगा। छठ पूजा में संतान के स्वास्थ्यए सफलता व दीघार्यु के लिए पूरे 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है। इस व्रत को महिलाओं के साथ पुरुष भी रखते है। शुक्रवार से घर-घर छठ मैया की मंगल गीत गाई जाएगी। साथ ही पूजा-अर्चना भी शुरू होगी। छठ व्रत में शरीर की पवित्रता, शुद्धता एवं साफ -सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। व्रती महिलाएं नदी, जलाशय, पोखरे या जल में गंगाजल मिलाकर स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दे छठ की सफलता के लिए प्रार्थना करेंगी। फिर पूरी पवित्रता से तैयार प्रसाद स्वरुप अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी व आंवला की चासनी आदि ग्रहण कर अनुष्ठान शुरू करेंगी। निर्जला व्रत करने वाली व्रती महिलाएं रविवार को डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य देंगी। सोमवार को उदयीमान सूर्य को जल देने के बाद तीन दिवसीय व्रत का समापन होगा।

### छठ माई व सूर्य भगवान की पूजा के लिए सजने लगे घाट, बेदी बनाने में जुटे लोग

**बलिया।** छठ पूजा को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। शहर से लेकर गांव तक घाटों को सजाया जा रहा है। बेदी को अंतिम रूप देने में जिम्मेदार जुटे हैं। साफ-सफाई के साथ वहां के सुन्दरीकरण का भी काम हो रहा है। प्रशासनिक अधिकारी के साथ ही पुलिस के अधिकारी व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अपने स्तर से तैयारी में जुट गए हैं। शहरी क्षेत्र में इसकी जिम्मेदारी नगर पालिका ने उठाया है, तो ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम प्रधान अपनी-अपनी पंचायत में व्यवस्था कराने में जुटे हुए हैं। कुछ लोग खुद ही तैयारियों में जुटे हैं। कई जगह सामाजिक संस्थाओं द्वारा घाटों की साफ-सफाई एवं लाइट की व्यवस्था की जा रही है। जिला मुख्यालय पर 34 घाटों पर छठ पूजा मनाया जाएगा। इसके लिए नगरपालिका ने सफाई का काम शुरू करा दिया है।

### गहरे पानी में न जाएं, इस बार घाटों पर लगेंगे संकेतक

**गाजीपुर।** डाला छठ महापर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए गंगा नदी में संकेतक लगाए जाएंग। जिला प्रशासन की तरफ से लोगों को चेतावनी दी गई है कि गहरे पानी में न जाएं। जीवनदायिनी मां गंगा को साफ व शुद्ध रखने के लिए नगर पालिका द्वारा छठ घाटों पर गड्ढे भी खुदवा गया है। जिसमें पूजन सामग्री को डाला जाएगा। नदी के जल में या घाट पर पूजन सामग्री को न डालें। नगर पालिका की चेयरमैन सरिता अग्रवाल एवं ईओ लालचंद सरोज ने बताया कि कुल 34 प्रमुख घाट हैं, जहां छठ की बेदी बनाकर पूजा अर्चना की जाती है। इसमें मुख्य रूप से नवापुरा साईं मंदिर घाट, कलक्टर घाट, ददरी घाट, स्ट्रीमर घाट, पक्का घाट, सिकंदरपुर मल्लाह टोली घाट, गोलाघाट, चौधरी घाट, महादेवा घाट, रामेश्वर घाट की तैयारियां अंतिम दौर में है।

**खरना आज :** नहाय -खाय के बाद छठ पूजा के दूसरे दिन को खरना कहा जाता है। इस साल खरना 29 अक्टूबर को है। इस दिन छठ व्रती गुड की खीर का प्रसाद बनाती हैं। इस प्रसाद को रात के समय खाया जाता है और बांटा भी जाता है। इसके बाद से ही छठ व्रती का 36 घंटे का व्रत शुरू हो जाता है।

### छठ महापर्व : 34 प्रमुख घाटों पर 55 नावों से होगी निगरानी

गाजीपुर। नगर क्षेत्र के कुल 34 छठ घाटों पर 55 नावों से निगरानी होगी। इसके अलावा गंगा घाट तक पहुंचने वाले सभी मार्गों पर खाकी का सख्त पहरा होगा। जरूरत के हिसाब से घाटों पर वन-वे मार्ग भी बनाए जाएंगे। गंगा घाटों पर छठ पूजा के दौरान नदी में सुरक्षा घेरा बनाकर जल पुलिस का विशेष पहरा रहेगा। नगर पालिका क्षेत्र में 34 प्रमुख छठ घाट हैं और वहां पर साफ-सफाई व खराब रास्तों पर मिट्टी डालने का कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के प्रमुख घाटों पर चेंजिंग रूम बनाए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद के अफसरों की मानें तो गंगा घाटों के छठ घाट पर टोटल 55 नाव लगाई जा रही हैं ।

### आसमान छू रहे सब्जियों और फलों के दाम

गाजीपुर। डाला छठ महापर्व पर इस बार पूजन सामग्री की कीमत में काफी इजाफा हुआ है। व्रती ने बताया कि महंगाई का असर इस बार अधिक है। फिर भी हमारे आस्था में कोई कमी नहीं आएगी। व्रती ने कहा कि कोरोना के चलते ठीक से छठ पूजा नहीं हो पाया था। इस बार लोक आस्था का पर्व विधिवत किया जाएगा ।

### सामग्रियों के रेट..

| सामग्री | रेट इस साल | रेट पिछली बार |
|---|---|---|
| गाजर | 80 रु किग्रा | 50-60 रु किग्रा |
| मूली | 40 रु किग्रा | 20 रु किग्रा |
| बैगन | 40 रु किग्रा | 30 रु किग्रा |
| छोटा नींबू | 5 रु | तीन रु |
| दउरा | 170 से 200 रु | 150 से 60 रु |
| सूप | 60 रु | 40 से 45 रु |
| डगरी | 100 रु | 80 रु |
| कोसी | 100 से 150 रु | 90 से 120 रु |

| फल | मूल्य | पिछली बार |
|---|---|---|
| सेव | 100 से 120 रु | 80 से 100 रु |
| अनार | 180 रु | 120 से 140 रु |
| संतरा | 80 रु | 50 व 60 रु |
| केला | 50 व 60 रु | 40 व 50 रु |
| अंगूर | 240 रु | 200 रु |
| नाशपाती | 150 रु | 140 रु |
| गागल नींबू | 80 रु जोड़ा | 60 रु जोड़ा |
| अनानास | 80 रु जोड़ा | 70 रु जोड़ा |
| गंजी | 60 रु किलो | 40 से 50 रु |
| आदि | 10 रु पीस | सात से आठ रु |
| हल्दी | 5 से 6 रु पीस | 4 से 5 रु |

# गोशंदेपुर गंगा घाट पर दो लोगों की डूबने से मौत, घाट पर गए थे चाचा भतीजा

- घटना के बाद छठ पर्व की खुशियों के बीच मची चीख-पुकार

केटी न्यूज/गाजीपुर

सूर्योपासना का महापर्व छठ के लिए पूजा की वेदी बनाने गंगा घाट पहुंचे चाचा-भतीजे की शुक्रवार को नदी में डूबने से मौत हो गई। यह दर्दनाक वाकया करंडा थाने के गोशंदेपुर गंगा घाट पर हुआ। काफी प्रयास करने के बाद दोनों का शव नदी से बरामद किया गया। घटना से जहां मृतकों के घर छठ पर्व की खुशियों के बीच चीख-पुकार मच गई, वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है।

घटना के बारे में बताया गया कि करंडा क्षेत्र के गोशंदेपुर निवासी स्व. सुभाष गिरी का पुत्र सुजीत गिरी (27) अपने भतीजा संजय गिरी के बेटे ओम गिरी (14) के साथ सुबह छठ पूजा में वेदी बनाने के लिए गोशंदेपुर गंगा घाट के लिए घर से निकला था। इनके साथ हिमांशु भी था। घाट पर पहुंचने के बाद दोनों ने देखा कि रेत की वजह से गंगा तीन भागों में बंटी थी। पहले भाग में पानी कम होने की वजह से दोनों ने पैदल उसे पार कर बीच में गंगा के बहाव की तरफ गए, जहां पहले से कई महिलाएं वेदी बनाने के लिए मौजूद थी। सुजीत और ओम ने वेदी बनाने के बाद नहाया और पानी से बाहर निकल गए। इसी बीच ओम ने कहा कि वो जरा पानी नाप लेता हूं, जिससे इस बात का अंदाजा लग जाए कि कितनी गहराई है ताकि जब उसकी मां पूजा करने के लिए आएगी, तो उसे बता दूंगा। यह भी अंदाजा रहेगा कि किस स्थान पर अधिक पानी है।



फोटो 00 : घटना के बाद घाट पर जुटी लोगों की भीड़

जैसे ही ओम पानी में थोड़ा सा आगे गया, डूबने लगा। यह देख उसे बचाने के लिए सुजीत भी पानी में कूद पड़ा। दोनों गहरे पानी में डूबने-उतराने लगे। हिमांशु भी दोनों को बचाने के लिए पानी में कूद पड़ा। इसी बीच महिलाओं ने बचाने के लिए शोर-शराबा के बीच साड़ी फेंका, लेकिन साड़ी डूब रहे लोगों तक नहीं पहुंच सकी और ओम तथा सुजीत डूब गए। हिमांशु किसी तरह से बचकर बाहर निकला। घटना की तत्काल जानकारी पुलिस, परिवार सहित अन्य लोगों को दी गई। कुछ ही देर में परिवार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी वहां पहुंच गई और लोगों की मदद से तलाश शुरू करा दिया। काफी प्रयास के बाद करीब साढ़े 10 बजे सुजीत और 11 बजे ओम गिरी का शव बरामद किया गया।

### सपा विधायक के बेटे और कोतवाल के बीच सड़क पर तीखी बहस



**बलिया ।** रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार की शाम वाहन खड़ा करने को लेकर सपा विधायक संग्राम सिंह यादव के बेटे और शहर कोतवाल प्रवीण सिंह के बीच तीखी बहस हो गई। मामला इतना तूल पकड़ा की देखते-देखते मौके पर सैकड़ों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही विधायक संग्राम सिंह यादव भी मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते सपा कार्यकताओं ने भी स्टेशन के पास पहुंचकर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। कोतवाल प्रवीण सिंह पर आरोप है कि उन्होंने विधायक के बेटे से कहा कि यह सपा की सरकार नहीं है तुम्हें समझा देंगे। इस दौरान काफी देर तक ट्रैफिक भी जाम रहा बाद में किसी प्रकार मामला शांत हुआ।

## नपा ने 43 लाख की लागत से बनी तीन सड़कों का किया लोकार्पण

केटी न्यूज/गाजीपुर



नगर पालिका परिषद गाजीपुर में लोकार्पण का सिलसिला बदस्तूर जारी है। वार्ड नं0 23 नवाबगंज के जमलापुर में निर्मित लगभग 43 लाख की लागत से बनी तीन सड़कों का लोकार्पण मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष व लोकसभा गाजीपुर के संयोजक कृष्ण बिहारी राय एवं नपाप की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कृष्ण बिहारी राय ने अपने संबोधन में कहा कि नगर पालिका परिषद गाजीपुर द्वारा बिना भेदभाव के नगर का चतुर्दिक विकास किया जा रहा है। हर क्षेत्र में विकास किया जा रहा है। जमलापुर क्षेत्र में पूर्व में जिस प्रकार की तकलीफों को यहां की जनता झेली है वह काफी तकलीफदेह थी, लेकिन नपा परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने जिस प्रकार यहां की गलियों व सड़कों का कार्य किया है, वह अत्यन्त प्रशंसनीय है। वहीं, इनके कार्य से जनता बहुत खुश है। निश्चित रूप से हम कह सकते हैं कि चेयरमैन सरिता अग्रवाल ने नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मौके पर पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, रासबिहारी राय, विजयशंकर वर्मा, निर्गुणदास केशरी, जवाहर लाल वर्मा, सन्तोष जायसवाल, दिनेश बिन्द, अर्जुन सेठ, योगेन्द्र कुशवाहा, रणधीर कुशवाहा आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमापति कुशवाहा, संचालन सभासद प्रतिनिधि अशोक मौर्या एवं सभासद अनिल वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## तीन अंतरराज्यीय हेरोइन तस्कर गिरफ्तार, दो लाख नगद बरामद

केटी न्यूज/गाजीपुर

जिला पुलिस ने तीन अंतरराज्यीय हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। उनके पास से एक किलो 50 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। हेरोइन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ बताई जा रही है। इन तस्करों के पास से पुलिस ने दो लाख सात हजार रुपये नकद बरामद किया है। सीओ सिटी गौरव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता सदर कोतवाली क्षेत्र के सुखदेवपुर चौराहे से मिली है। हेरोइन तस्करी के आरोप में पकड़ा गया प्रमोद कुमार दागी झारखंड का रहने वाला है। जबकि मंटू चौहान और हरिशंकर मिश्र बिहार के बक्सर के रहने वाले हैं। एसपी रोहन पी बोत्रे ने पत्रकारों को बताया कि ये तीनों अंतरराज्यीय तस्कर हैं। झारखंड से हेरोइन लाकर यहां बेचते हैं।इनके तार छत्तीसगढ़ के छतरा जिले से जुड़े हुए हैं, जहां से ये हेरोइन लाते हैं। इनके ऊपर भी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।एसपी ने इनको गिरफ्तार करने वाली टीम को 20 हजार रुपये नकद इनाम की भी घोषणा की है।

## बसपा सांसद अफजल अंसारी 12.50 करोड़ की अचल संपत्ति कुर्क

केटी न्यूज/गाजीपुर

अंसारी परिवार की मुश्किलें योगी सरकार में दिनों दिन बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को एक बार फिर बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बड़े भाई व बसपा सांसद अफजाल अंसारी द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गई 12 करोड़ 50 लाख की अचल संपत्ति को पुलिस प्रशासन ने कुर्क किया है। एसपी कार्यालय द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार अवैध तरीके से धन, भू-सम्पत्ति व अचल सम्पत्ति अर्जित करने वाले माफियाओं के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक/विवेचक थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर की प्रेषित आख्या 17 अक्टूबर पर पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे द्वारा की गयी।

संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 23 अक्टूबर को पारित कुर्की आदेश अन्तर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी अधिनियम 1986 के क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी लखनऊ के द्वारा 27 को अनुपालन संबंधी आदेश पारित किया गया। जिसके आधार पर अभियुक्त अफजाल अंसारी पुत्र शुभानुल्लाह अंसारी निवासी युसुफपुर थाना मुहम्मदाबाद द्वारा अवैध ढंग से अर्जित की गई निम्न सम्पत्ति को कुर्क किया जा रहा है।

# बुनियादी स्तर के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2022 स्वागत योग्य पहल

- विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान ने की सरकार के इस फैसले की सराहना
- संस्थान ने इस नए पाट्यचर्या के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग करने का दिया आश्वासन

केटी न्यूज/बलिया

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घोषित बुनियादी स्तर के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तय कर दी।



जानकारी देते संस्था के अध्यक्ष

जो देश के शिक्षा क्षेत्र के लिए न केवल एक अभिनव पहल है, बल्कि देश की भावी पीढ़ियों को और अधिक सक्षम बनाने का मार्ग है। अभी तक सरकार की दृष्टि में स्कूली शिक्षा की शुरूआत पहली कक्षा से होती थी, किंतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बुनियादी स्तर की शिक्षा को भी औपचारिक शिक्षा का अंग माना गया है। अभी तक सरकार की आंगनबाड़ी, बालबाड़ियों में तथा पब्लिक/प्राइवेट स्कूलों में प्ले वे या नर्सरी-केजी के नाम पर चलने वाली यह कक्षाएं अब औपचारिक शिक्षा का भाग मानी जायेंगी। इन बाल वाटिकाओं के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा का निर्धारण और घोषणा एक सुविचार एवं बहुप्रतीक्षित कदम है।

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव ने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता विकास की प्राथमिकताओं तथा विकास के लक्ष्यों की दृष्टि से इस पाठ्यक्रम रूपरेखा में दो विशिष्ट बातों को समावेश किया गया है। पहला शिक्षा के माध्यम से शिशु के व्यक्तित्व का सवार्गीण विकास अर्थात केवल किताबी पढ़ाई और परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बजाय उसके व्यक्तित्व के सभी अंगों का विकास हो, उसकी प्राणशक्ति तथा ऊर्जा का स्तर प्रबल हो, उसका मन शान्त और एकाग्र हो, उसकी बुद्धि विवेकपूर्ण यानी अच्छे-बुरे, सही-गलत का निर्णय करने में सक्षम हो तथा उसकी प्रवृत्ति में नैतिकता तथा आध्यात्मिकता का समावेश हो। भारतीय ज्ञान परम्परा में इसे पंचकोशात्मक विकास कहा गया है। वहीं, दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है, समग्र विकास की संकल्पना। उपर्युक्त सर्वांगीण विकास से व्यक्ति के व्यक्तित्व का तो विकास होगा किन्तु व्यक्ति के आत्मकेंद्रित होकर रह गया तो उसके व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास तो नहीं कहा जा सकेगा। व्यक्ति के रूप में जन्म लेकर उसकी संवेदना एवं दायित्वबोध उसके परिवार-समाज-राष्ट्र-मानवता तथा अन्ततः सम्पूर्ण सृष्टि के प्रति हो, यह दैवीय भाव विकसित किया जाना शिक्षा का अन्तिम लक्ष्य होना चाहिए।

अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव ने कहा कि तीन से छह वर्ष के बच्चों के लिए शिक्षा की प्रचलित पद्धति पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक, कक्षा शिक्षण, गृहकार्य परीक्षा सफल नहीं हो सकती। उनको सिखाना है तो पद्धति रोचक और आनन्ददायक होनी चाहिए। इस दृष्टि से तीसरी उल्लेखनीय बात जिसकी ओर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा ने विशेष संकेत दिया है कि उन्हें खेल-खेल में सिखाना, खिलौनों के माध्यम से गतिविधियों के माध्यम से और आनन्द देने वाले कक्षा कक्ष और मैदान के कार्यक्रमों के माध्यम से सीखना। स्वतंत्रता के 75 वर्ष तथा 1986 में घोषित नई शिक्षा नीति के 35 वर्ष बाद भारत की शिक्षा व्यवस्था में एक क्रांतिकारी परिवर्तन होने के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। विगत 70 वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में निरन्तर कार्यरत संगठन के रूप में विद्या भारती अखिल भारती शिक्षण संस्थान घोषित बुनियादी स्तर के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-2022 का स्वागत करता है। साथ ही, संस्थान इसके क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग करने की भी आश्वस्ति देता है

### ग्रामीण चिकित्सकों को चिकित्सा का अधिकार दिलाने की मांग को सौंपा पत्रक

**बलिया।** रूरल हेल्थ केयर सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत यादव ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को तीन सूत्री पत्रक सौप कर प्रदेश के मुख्यमंत्री से ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सक कर रहे ग्रामीण चिकित्सकों को चिकित्सा का अधिकार दिया जाए तथा इन्हें चिकित्सा मित्र के रुप में नियुक्ति की जाए तथा इनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाने की मांग की। इसके पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोरोना काल में सुदूर ग्रामीण अंचलों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर अनेकों लोगों की जान बचाने का काम किया है।